4068(E)
17/6/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक–16/6/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही ।

पथ प्रमंडल, दरभंगा के अन्तर्गत देकुली से सिसौनी पथ के कि०मी० 0.00 से 21.57 (कुल लम्बाई–21.57 कि०मी०) में मिट्टी कार्य, क्रॉस ड्रेन कार्य, डायवर्सन कार्य, Box Culvert कार्य Junction Improvement कार्य, Utility Shifting कार्य, पथ फर्नीचर कार्य एवं विविध कार्य सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के समयवृद्धि का प्रस्ताव जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति :**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

**2.** मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–63(अनु०) दिनांक–08.01.2026 के द्वारा विषयांकित कार्य के समयवृद्धि स्वीकृति हेतु प्राप्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं विहित प्रपत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | देकुली से सिसौनी पथ के कि०मी० 0.00 से 21.57 (कुल लम्बाई–21.57 कि०मी०) में मिट्टी कार्य, क्रॉस ड्रेन कार्य, डायवर्सन कार्य, Box Culvert कार्य Junction Improvement कार्य, Utility Shifting कार्य, पथ फर्नीचर कार्य एवं विविध कार्य सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण |
| 2.2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग :– | : | ₹4889.35 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–7732(एस०) दिनांक–27.08.2019 |
| 2.3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग :– | : | ₹4447.81 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2525(अनु०) दिनांक–17.09.2019 |
| 2.4 | एकरारनामा संख्या | : | 07/SBD/2021-22 |
| 2.5 | एकरारनामा की राशि | : | ₹39,79,63,316.00 |
| 2.6 | संवेदक का नाम | : | Narsingh Singh |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.7 | एकरारनामा के अनुसार कार्यारम्भ की तिथि :– | : | 17.11.2021 |
| 2.8 | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि :– | : | 16.10.2023 |
| 2.9 | कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि | : | 25.12.2024 |
| 2.10 | मांग की गई समयवृद्धि की तिथि | : | 25.12.2024 (कार्य पूर्ण)। |

3. <u>समयवृद्धि का कारण</u> :–

(i) **Encroachment एवं Public Hindrance के कारण विलम्ब**:– पथ में अतिक्रमण के कारण कार्य में प्रगति बाधित रहा। प्रस्ताव के साथ अतिक्रमण के संबंध में प्रमंडलीय कार्यालय के पत्रांक–1932 दिनांक–12.11.2022, पत्रांक–2764 दिनांक–14.12.2024 एवं संवेदक द्वारा किया गया विभिन्न पत्राचार साक्ष्य के रूप में संलग्न किया गया है। प्रमंडलीय कार्यालय के उक्त पत्रों के आलोक में जिला पदाधिकारी, दरभंगा के पत्रांक–3512 दिनांक–17.12.2024 द्वारा अतिक्रमण मुक्त करने हेतु आदेश निर्गत किया गया। अतिक्रमण मुक्त होने के उपरान्त् पथ का कार्य दिनांक–25.12.2024 को पूरा करा लिया गया है।

4. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का अनुशंसा</u> :–

कार्यपालक अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता के अनुशंसा के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य में दिनांक–25.12.2024 तक समयवृद्धि की स्वीकृति इस शर्त्त के साथ प्रदान करने की अनुशंसा की जाती है कि विस्तारित अवधि में विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–95–सह–पठित ज्ञापांक–3505(एस०) दिनांक–21.04.2015 एवं विभागीय पत्रांक–793(एस०) दिनांक–15.02.2023 के आलोक में Price Neutralization की गणना की जायेगी।

5. विभागीय निविदा समिति का निर्णय :–

5.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–63(अनु०) दिनांक–08.01.2026 द्वारा प्राप्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में पथ प्रमंडल, दरभंगा के अन्तर्गत देकुली से सिसौनी पथ के कि०मी० 0.00 से 21.57 (कुल लम्बाई–21.57 कि०मी०) में मिट्टी कार्य, क्रॉस ड्रेन कार्य, डायवर्सन कार्य, **Box Culvert** कार्य **Junction Improvement** कार्य, **Utility Shifting** कार्य, पथ फर्नीचर कार्य एवं विविध कार्य सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (एकरारनामा संख्या–**07/SBD/2021-22**) हेतु दिनांक–25.12.2024 तक समयवृद्धि की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

5.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16/06/26 | 16/06/26 | 16/06/26 | |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांक–प्र०–7/विविध(स०वृ०)–04–03/2026 4068(E) पटना, दिनांक 17/6/2026

**प्रतिलिपि** :– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/06/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।